Title: Need for early commencement of gauge conversion work on Gorakhpur − Goda loop line, U.P.-Laid.

श्री रामपाल सिंह (डुमरियागंज) : महोदय, जनपद सिद्धार्थनगर बहुत पिछड़ा जनपद है क्योंकि इस जनपद में बड़ी लाइन न होने के कारण बाहर से कोयला, लोहा, सीमेंट सीधे नहीं आ पाता है और कोई उद्योग धंधे नहीं लग पा रहे हैं। यहां पर गोरखपुर-गौंडा लूप लाईन का नौगढ़ स्टेशन स्थित जरूर है परंतु यहां से कोई सीधी ट्रेन लखनऊ, मुंबई, दिल्ली के लिए उपलब्ध नहीं है। गोरखपुर-गौंडा लूप लाईन के अमान परिवर्तन के लिए मैं निरंतर प्रयास कर रहा हूं परंतु यह काम अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ है।

योजना आयोग ने इस लाईन के अमान परिवर्तन की स्वीकृति दे दी। अब रेलमंत्री ने सूचित किया है कि वित्त मामलों की मंत्रीमंडलीय समिति से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद इस लाईन का काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस र्वा बजट में इस लाइन के कार्य के लिए एक करोड़ धन का आबंटन है।

अत: मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि इस लाईन के अमान परिवर्तन हेतु वित्तीय मामलों की मंत्री मंडलीय समिति से स्वीकृति कराकर शीघ्र काम शुरू कराया जाये।